कार्यालय—निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक—शिविरा/माध्य/मा–स/ नीतिगत दस्तावेज/विविध/2015–16 दिनांक: 30.06.2017

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
माध्यमिक—प्रथम/द्वितीय

विषय :— विद्यालयों में केरियर कॉर्नर को काउन्सलिंग सेन्टर के रूप में स्थापित करने के सम्बन्ध में
प्रसंग :— सुराज संकल्प का बिन्दु संख्या : 10.45

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि समस्त माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में स्वामी विवेकानन्द जयन्ती उत्सव का आयोजन प्रति वर्ष 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस एवं केरियर डे के रूप में समारोहपूर्वक किया जाना शिविरा पंचांग में स्थाई रूप से निर्दिष्ट है। उक्त निर्देशों के क्रम में समस्त विद्यालयों में केरियर कॉर्नर पूर्व से ही स्थापित है। प्रासंगिक निर्देशों के क्रम में समस्त माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए उनकी अभिरूचि के अनुरूप विभिन्न पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में आवश्यक व उपयोगी जानकारी देने हेतु उक्त केरियर कॉर्नर को विद्यार्थियों के लिए काउन्सलिंग सेन्टर के रूप में विकसित करने हेतु क्षेत्राधिकार के समस्त संस्थाप्रधानों से अंग्राकित निर्देशों की क्रियान्विति सुनिश्चित करावें :—

1. केरियर कॉर्नर/काउन्सलिंग सेन्टर पर कक्षा 10 एवं कक्षा 12 के बाद विभिन्न पाठ्यक्रमों/केरियर अवसरों की जानकारी संकलित हो, जिसे विद्यार्थियों को बताया जावे।
2. किसी विज्ञ शिक्षक को उक्त काउन्सलिंग सेन्टर का प्रभार दिया जाए। जिसने केरियर टीचर का विधिवत प्रशिक्षण लिया हो, उसे प्रभारी हेतु प्राथमिकता दी जाए।
3. विभिन्न पाठ्यक्रमों/प्रशिक्षण केन्द्रों की अद्यतन सूचना उक्त सेन्टर पर रखी जाए, जिसमें विद्यार्थियों को उक्त पाठ्यक्रम/प्रशिक्षण/केरियर हेतु अर्हता तथा अवसरों की उपलब्धता के सम्बन्ध में व्यावहारिक अवगति प्रदान करने की व्यवस्था करवाएं।
4. केरियर डे आयोजन के अलावा भी समुचित अवसरों यथा परीक्षा परिणाम घोषणा के उपरान्त या जब भी आवश्यक हो, उक्त कॉउन्सलिग सेन्टर पर विद्यार्थियों को केरियर सम्बन्धी जानकारी देने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

(विजय शंकर आचार्य)
उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. शासन उप सचिव—प्रथम, शिक्षा (ग्रुप–I) विभाग, राजस्थान, जयपुर को सूचनार्थ।
2. समस्त मण्डल उप निदेशक, माध्यमिक शिक्षा को निर्देशों की सुनिश्चित पालना के लिए मण्डल क्षेत्राधिकार में समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन हेतु।
3. सहायक निदेशक (योजना), कार्यालय हाजा।
4. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड एवं समस्त राजकीय विद्यालयों के ई–मेल पते पर प्रेषित करने हेतु।
5. वरिष्ठ सम्पादक, "शिविरा", प्रकाशन अनुभाग, कार्यालय हाजा को आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।
6. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)

कार्यालय का पता :— निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,बीकानेर ☎0151–2544043
Email : ad.secondary.dse@rajasthan.gov.in
www.rajteachers.com
F:\ma-sa\gen letter.docx